उत्तर संविधान निर्माताओं की बुद्विमता व दूरदृष्टि इसका प्रमाण हैं कि उन्होंनेसंविधान में जनता द्वारा मान्य आधारभूत मूल्यों व सर्वोच्च आंकाक्षाओं को स्थान दिया। हमारा संविधान एक विलक्षण दस्तावेज हैं। दक्षिण अफ्रीका ने तो इसे प्रतिमान के रूप मं अपने देश का संविधान बनाने हेतु काम मे लिया हैं।

भारत की संघीय व्यवस्था के आधारभूत तत्व

1. संघवाद किसे कहते है?

उत्तर सत्ता की शक्तियों के वितरण तथा स्तरों के आधार पर अपनायी जाने वाली प्रणाली, संघवाद कहते है।

2. संघीय शासन का निर्माण कितने प्रकार से होता है?

उत्तर दो :– 1– पूर्व में अनेक संप्रभू ईकाईयों का आपस में एक हो जाना,
2– एक बड़ी राजनीतिक इकाई को शासन की कार्य कुशलता की दृष्टि से अलग–अलग ईकाईयों में विभाजित कर देना।

3. भारत में कितने राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश है?

उत्तर 28 राज्य और 8 केन्द्र शासित प्रदेश है।

4. शासन शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किस अनुच्छेद में किया गया है?

उत्तर 246 अनुच्छेद

5. संविधान की सर्वोच्चता को कौन स्थापित करता है?

उत्तर भारतीय संघवाद

6. एकल नागरिकता किसे कहते है?

उत्तर केन्द्र तथा राज्य की एक ही नागरिकता को एकल नागरिकता कहते है ।

7. राज्यपाल को कौन नियुक्त करता है?

उत्तर राष्ट्रपति

8. राज्यपाल का क्या कार्य होता है?

उत्तर राज्य में केन्द्र के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है।

9. भारतीय संविधान का एकात्मक लक्षण किसे कहते है?

उत्तर संघात्मक व्यवस्था के होते हुए भारतीय संविधान को संघीय नहीं माना है।

10. आपात शक्ति किसे कहते है?

उत्तर राष्ट्रपति को विश्वास हो जाए युद्ध बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह, भारत को सुरक्षा का खतरे में हो।

11. किस अनुच्छेद द्वारा राष्ट्रपति आपातकाल की घोषणा कर सकता है?

उत्तर अनुच्छेद 352

12. संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व कौनसा सदन करता है?

उत्तर राज्यसभा

13. केन्द्र व राज्यों के मध्य विवादों का निपटारा को कौनसी संस्था करती है?

उत्तर न्याय पालिका (सर्वोच्य न्यायालय)

14. विधि के शासन से आप क्या समझते है?

उत्तर विधि के शासन को स्थापित करने के लिए एक स्वतंत्र न्याय पालिका का होना अतिआवश्यक, न्याय पालिका सरकार का हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए।

15. सरकारिया आयोग का सम्बन्ध किससे था?

उत्तर संघ व राज्यों के आपसी सम्बन्धों के अध्ययन हेतु न्यायाधीश रणजीत सिंह सरकारिया आयोग का गठन किया।

16. वर्तमान में हमारे देश में कितने राज्य है?

उत्तर 28

17. संघ सूची के विषयों पर कानुन बनाने का अधिकार है?

उत्तर केन्द्र सरकार

18. संसद के दोनों सदनों में गतिरोध हल करने के लिए आयोजित संयुक्त सत्र की अध्यक्षता कौन करता है?

उत्तर सदन में दोनों सदनों में गतिरोध हल करने के लिए आयोजित संयुक्त सत्र की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है।

19. सफल संघीय व्यवस्था वाले देश कौन–कौन से है?

उत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका, आस्ट्रेलिया, रूस, कनाड़ा, भारत आदि देश सफल संघीय व्यवस्था वाले देश है।

20. भारत में संघीय शासन की स्थापना किसके अंतर्गत की गयी है?

उत्तर भारत में संविधान के तहत संघीय शासन की स्थापना की गयी है।

21. संविधान में संघवाद के स्थान पर किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

उत्तर संविधान में संघवाद के स्थान पर ''राज्यों का संघ'' शब्द का प्रयोग किया गया है।

22. किस देश को विनाशी राज्यों का अविनाशी संघ की संज्ञा दी जाती है?

उत्तर भारत

23. भारतीय संसद का उच्च सदन कौनसा होता है?

उत्तर राज्यसभा

24. भारतीय संघीय व्यवस्था के कोई दो तत्व लिखिए?

उत्तर 1– स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका, 2– संविधान की सर्वोच्चता

25. भारतीय संविधान को एकात्मक रूप देने वाले कोई दो तत्व लिखिए।

उत्तर 1– एक संविधान

2– सीमाओं में परिवर्तन हेतु राज्यों की सहमति अनिवार्य नहीं ।

26. किस अनुच्छेद के अंतर्गत अवशिष्ट शक्तियों का उल्लेख किया गया है?

उत्तर अनुच्छेद 248

GEO BINDER

27. संविधान में शक्तियों का विभाजन किसके पक्ष में है?

उत्तर संविधान में शक्तियों का विभाजन केन्द्र के पक्ष में है।

28. राज्य सूची में अंकित विषयों पर कानुन का निर्माण कौन करता है?

उत्तर राज्य विधान मंडल

29. किन अनुच्छेदों के अंतर्गत राष्ट्रपति संकटकाल की उद्घोषणा कर सकता है?

उत्तर संविधान के अनुच्छेद 352, 356 तथा 360 के अनुसार राष्ट्रपति आपात स्थिति की घोषणा कर सकता है।

30. राज्यसभा में राज्यों का प्रतिनिधित्व किसके आधार पर किया जाता है?

उत्तर राज्यसभा में राज्यों का प्रतिनिधित्व समानता के आधार पर नहीं बल्कि जनसंख्या के आधार पर किया गया है।

31. किस देश में दोहरी नागरिकता की प्रणाली पायी जाती है?

उत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका, स्विटजरलेण्ड में दोहरी नागरिकता की प्रणाली पायी जाती है।

32. क्या राज्यों को भारत संघ से अलग होने का अधिकार प्राप्त है?

उत्तर भारत संघ के राज्यों को संध से पृथक होने का अधिकार प्राप्त नहीं है।

33. अनुच्छेद 312 किससे सम्बन्धित है?

उत्तर 312 अखिल भारतीय सेवाओं के सृजन से संबंधित प्रावधान किए है।

34. साझा सरकारों के दौर में केन्द्र की स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर साझा सरकारों के दौर में केन्द्र की स्थिति कमजोर होती है।

35. संघीय या संघात्मक सरकार का अर्थ स्पष्ट कीजिए?

उत्तर **संघीय–** जब दो या दो अधिक स्वतंत्र राज्य मिलकर एक समझौते द्वारा अपने लिए सामान्य सरकार की स्थापना करे और साथ ही स्वतंत्र रहे।

संघात्मक– डायसी–संघात्मक सरकार वह योजना है जिसका उद्धेश्य राष्ट्रीय एकता और राज्यों के अधिकारों में सामंजस्य स्थापित करना है।

36. भारतीय संधीय व्यवस्था के किन्हीं दो तत्वों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर 1– संविधान की सर्वोच्चता

2– एकल नागरिकता

भारत में शासन :–लोकसभा एवं राज्यसभा

प्रश्न 1 भारत की केन्द्रिय सरकार के तीनों अंगों के नाम क्या है?

उत्तर (1) व्यस्थापिका (2) कार्यपालिका (3) न्यायपालिका

प्रश्न 2 भारत की व्यवस्थापिका का दूसरा नाम क्या है?

उत्तर भारत की व्यवस्थापिका का दूसरा नाम भारतीय संसद है।

प्रश्न 3 भारत की व्यवस्थापिका (संसद) का गठन संविधान के कौनसे अनुच्छेद में किया गया है?

उत्तर भारतीय सविधान के अनुच्छेद 79 में।

प्रश्न 4 व्यवस्थापिका को विभिन्न देशों में किस किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर ब्रिटेन में इसे पार्लियामेन्ट, संयुक्त राज्य अमेरिका में कांग्रेस, जापान में डायट, जर्मनी में बुण्डेस्टांग तथा ईरान में इसे मजलिस कहते है।

प्रश्न 5 भारतीय संघ की संसद किन से मिलकर बनती है?

उत्तर राष्ट्रपति और दोनों सदनों(लोकसभा व राज्यसभा) से मिलकर बनती है।

प्रश्न 6 भारतीय संसद के दोनों सदनों के नाम लिखिए?

उत्तर (1) लोकसभा (2) राज्यसभा

प्रश्न 7 संसद सदस्य के लिए क्या क्या योग्यताएं निर्धारित कि गई है?

उत्तर (1) वह भारत का नागरिक होना चाहिए

(2) उसे राज्य सभा के स्थान के लिए न्यूनतम 30 वर्ष की आयु एवं लोकसभा के स्थान के लिए न्यूनतम 25 वर्ष की आयु होनी चाहिए

(3) उसके पास न्यायालय द्वारा पागल या दिवालिया घोषित किया गया नहीं होना चाहिए

प्रश्न 8 कोई भी व्यक्ति अधिकतम कितने स्थानों से चुनाव लड़ सकता है?

उत्तर अधिकतम वह दो स्थानों से लोकसभा का चुनाव लड़ सकता है।

प्रश्न 9 संसद सदस्य की सदस्यता कौनसी परिसिथति में बर्खास्त कि जाती है?

GURU BHINDER

उत्तर संविधान की दसवीं अनुसूचित के अनुसार किसी संसद सदस्य को दल बदल का दोषी पाये जाने पर इसके अतिरिक्त सदस्य के चुनावी अपराध अथवा चुनाव में भ्रष्ट आचरण का दोषी सिद्व होने पर

प्रश्न 10 भारतीय संसद के प्रतिवर्ष कितने सत्र होते है उन का समय भी लिखे?

उत्तर तीन सत्र प्रतिवर्ष होते है (1) बजट सत्र (फरवरी मई)

(2) मानसून सत्र (जुलाई सितम्बर)

(3) शीतकालीन सत्र (नवम्बर दिसम्बर)

प्रश्न 11 गणपूर्ति किसे कहते है?

उत्तर गणपूर्ति अथवा कोरम सदस्यों की वह न्यूनतम सदस्य संख्या है, जिनकी उपस्थिति से सदनों की कार्यवाही को वैधानिकता प्राप्त होती है। जिसके लिए दोनों सदनों के लिए कुल सदस्य संख्या का 10वां भाग (545 का 55 व 245 का 25)

प्रश्न 12 संविधान के अनुसार संसद के कार्य संचालन की भाषा क्या है?

उत्तर हिन्दी एवं अंग्रेजी

प्रश्न 13 मंत्री एवं महान्यायवादी को संसद में कौनसा अधिकार दिया गया है?

उत्तर संसद के किसी भी सदन में बोलने एवं कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार

प्रश्न 14 संसद का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है

उत्तर कानून निर्माण

प्रश्न 15 संसद के दोनों सदन में राष्ट्रपति द्वारा कितने सदस्य मनोनित कर सकता है?

उत्तर राज्यसभा में 12 एवं लोकसभा में 2 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनित होते है।

प्रश्न 16 संसद में राजस्थान से कितने सदस्य मनोनित व निर्वाचित होकर जाते है?

उत्तर राज्यसभा के लिए 10 एवं लोकसभा के लिए 25 सदस्य

प्रश्न 17 भारतीय संसद के प्रमुख कार्य कौन कौन से है?

उत्तर (1) विधि निर्माण

(2) धन विधेयक पारित करना

(3) संविधान में संशोधन का कार्य

(4) कार्यपालिका पर नियंत्रण का कार्य

प्रश्न 18 भारतीय संविधान में संशोधन करने की शक्ति किसको प्राप्त है?

उत्तर भारतीय संसद को, संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार

प्रश्न 19 संविधान संशोधन विधेयक संसद के कौन से सदन प्रस्तुत किया जाता है?

उत्तर संसद के किसी भी सदन में पहले प्रस्तुत किया जा सकता है ।

प्रश्न 20 धन विधेयक संसद के कौनसे सदन में पहले प्रस्तुत किया जाता है?

उत्तर लोकसभा में, राज्यसभा में नहीं

प्रश्न 21 साधारण विधेयक किसे कहते है?

उत्तर कानुन बनाने के प्रस्ताव के

प्रश्न 22 सरकारी विधेयक किसे कहते है?

उत्तर यदि विधेयक मंत्री परिषद के किसी सदस्य द्वारा सदन में रखा जाना है उसे सरकारी विधेयक कहते है।

प्रश्न 23 गैर सरकारी विधेयक किसे कहते है?

उत्तर साधारण सदस्यों द्वारा रखा गया विधेयक को गैर सरकारी विधेयक कहते है।

प्रश्न 24 विधेयक कितने प्रकार के होते है?

उत्तर (1) धन विधेयक

(2) साधारण विधेयक

(3) संशोधन विधेयक

प्रश्न 25 धन विधेयक अनिवार्य रूप से कौनसा विधेयक होता है?

उत्तर सरकारी विधेयक ही होता है ।

प्रश्न 26 किसी के खिलाफ महाभियोग कौन ला सकता है?

उत्तर भारतीय संसद द्वारा

प्रश्न 27 भारतीय संसद कार्यपालिका पर नियन्त्रण कैसे करती है?

उत्तर जैसे प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, काम रोकी प्रस्ताव आदि

GURBHINDER

प्रश्न 28 अविश्वास प्रस्ताव कौन लाता है?

उत्तर मंत्रीपरिषद् को अपने पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया जाता है।

प्रश्न 29 कोई विधेयक कानुन का रूप कब लेता है?

उत्तर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद

प्रश्न 30 संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को शपथ कौन दिलाता है?

उत्तर भारत का राष्ट्रपति

प्रश्न 31 राष्ट्रपति किसकी शपथ दिलाता है?

उत्तर पद एवं गोपनीयता कि शपथ दिलाता है ।

प्रश्न 32 भारतीय संसद के उच्च व निम्न सदस्यों के नाम लिखिए

उत्तर संसद का उच्च सदन राज्यसभा एवं निम्न सदन लोकसभा है।

प्रश्न 33 भारतीय संसद मन्त्रिपरिषद् पद किन तरीकों से नियन्त्रण रखती है?

उत्तर मन्त्रिपरिषद् पर नियन्त्रण की सबसे बड़ी शक्ति लोकसभा को प्राप्त है वह विश्वास प्रस्ताव एवं अविश्वास प्रस्ताव पारित करना विश्वास का मत प्रधानमंत्री सदन में प्रस्तुत करते है और सदस्यों से आग्रह करते है कि इसके पक्ष में मत देकर पारित करने का आग्रह करते है।

प्रश्न 34 संसद के सत्रावासन के समय राष्ट्रपति किन विशेष आदेश को जारी करता है?

उत्तर अध्यादेश

प्रश्न 35 किस परिस्थिति में राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है?

उत्तर जब संसद का अधिवेशन नहीं चल रहा हो तो और कानुन की आवश्यकता होने पर

प्रश्न 36 संसद के दोनों सदनों में से कौनसे अधिक शक्तिशाली सदन है?

उत्तर लोकसभा

प्रश्न 37 संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व कौनसा सदन करता है?

उत्तर उच्च सदन (राज्यसभा)

प्रश्न 38 संसद का अधिवेशन कौन बुलाता है?

उत्तर राष्ट्रपति

प्रश्न 39 संसद के दोनों सदनों में गतिरोध उत्पन्न होने पर संयुक्त सत्र कि अध्यक्षता कौन करता है?

उत्तर लोकसभा अध्यक्ष करता है।

प्रश्न 40 किस विधेयक को संसद में प्रस्तुत करने से पहले राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक है?

उत्तर वित्त विधेयक

प्रश्न 41 संसद किस प्रकार राज्यों का पुनर्गठन व उनकी सीमाओं में परिवर्तन कर सकती है?

उत्तर संसद कानुन निर्माण की सामान्य प्रक्रिया के अनुसार साधारण बहुमत से राज्यों का पुनर्गठन व उनकी सीमाओं में परिवर्तन कर सकती है।

प्रश्न 42 राज्य सभा सदस्यों का निर्वाचन कैसे किया जाता है?

उत्तर द्वारा उस राज्य की विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्वति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत अप्रत्यक्ष रूप से होता है।

प्रश्न 43 वर्तमान में राज्यसभा के कितने सदस्य है?

उत्तर 245 सदस्य

प्रश्न 44 राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?

उत्तर यह एक स्थायी सदन है, जो कभी भंग नहीं होती है फिर भी धन इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष निर्धारित किया गया है।

प्रश्न 45 राज्यसभा के कितने पदाधिकारी होते है?

उत्तर राज्यसभा के दो पदाधिकारी होते है (1) पदेन सभापति

(2) उपसभापति

प्रश्न 46 वर्तमान में राज्यसभा का पदेन सभापति कौन है?

उत्तर उपराष्ट्रपति हमेशा पदेन सभापति होता है वर्तमान में वैकया नायडु

प्रश्न 47 वर्तमान में राज्यसभा का उपसभापति कौन है?

उत्तर हरिवंश नारायण सिंह

प्रश्न 48 राज्यसभा सदस्य बनने के लिए कितनी आयु निर्धारित कि गई है?

उत्तर कम से कम 30 वर्ष या उससे अधिक

CHO BHINDER

प्रश्न 49 राज्यसभा में 12 सदस्य राष्ट्रपति निर्वाचित किस क्षेत्र वाले से करता है?

उत्तर जो साहित्य, विज्ञान, कला अथवा समाज सेवा में विशेष ज्ञान रखता है।

प्रश्न 50 वर्तमान में लोकसभा के सदस्य संख्या कितनी है?

उत्तर 545 सदस्य है।

प्रश्न 51 लोकसभा सदस्यों का निर्वाचन कैसे होता है?

उत्तर प्रत्यक्ष रूप से वयस्क मताधिकार द्वारा होता है।

प्रश्न 52 वर्तमान में लोकसभा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कितने स्थानों का आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

उत्तर अनुसूचित जाति के लिए 84 एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 47 स्थान आरक्षित है।

प्रश्न 53 लोकसभा का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?

उत्तर संविधान के अनुच्छेद 83 के अनुसार प्रथम बैठक से 5 वर्ष का होता है।

प्रश्न 54 भारत में पहली लोकसभा का गठन कब हुआ था?

उत्तर अप्रैल 1952 में

प्रश्न 55 वर्तमान में कौनसी लोकसभा चल रही है?

उत्तर 17वीं लोकसभा

प्रश्न 56 राष्ट्रपति किस वर्ग के लोगों को 2 सदस्य लोकसभा के लिए मनोनित करता है?

उत्तर आंग्ल भारतीय वर्ग के

प्रश्न 57 वर्तमान में लोकसभा का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कौन है?

उत्तर अध्यक्ष ओम बिरला, उपाध्यक्ष पद रिक्त है।

प्रश्न 58 स्वतन्त्रता भारत की पहली लोकसभा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कौन थे?

उत्तर अध्यक्ष गणेश वासुदेव एवं उपाध्यक्ष अनन्त शयनम अयंगर थे।

प्रश्न 59 कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं उस पर अन्तिम निर्णय कौन लेता है?

उत्तर लोकसभा का अध्यक्ष लेता है।

प्रश्न 60 लोकसभा अध्यक्ष अपना त्याग पत्र किसे सौपता है?

उत्तर उपाध्यक्ष को तथा उपाध्यक्ष अपना त्याग पत्र अध्यक्ष को

प्रश्न 61 लोकसभा अध्यक्ष का दूसरा नाम क्या है?

उत्तर लोकसभा का स्पीकर

प्रश्न 62 लोकसभा अध्यक्ष के कार्य क्या क्या है?

उत्तर (1) सदन की कार्यवाही का संचालन करना
(2) निर्णायक मत का प्रयोग करना
(3) संसद को बोलने की अनुमति देना
(4) दल बदल कि स्थिति में किसी सदस्य की नियोग्यता का फैसला करना

प्रश्न 63 लोकसभा सदस्यों का निर्वाचन का कार्य कौन सम्पादन कराता है?

उत्तर भारत का निर्वाचन आयोग

प्रश्न 64 लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव कौन करता है?

उत्तर बहुमत प्राप्त दल के निर्वाचित सदस्यों द्वारा, लोकसभा में

प्रश्न 65 लोकसभा सदस्य की न्यूनतम आयु क्या है?

उत्तर 25 वर्ष।

न्यायपालिका

प्रश्न 1 भारत का सबसे बड़ा न्यायालय कौनसा तथा कहां स्थित है?

उत्तर उच्चतम न्यायालय, दिल्ली में।

प्रश्न 2 भारत में सर्वोच्य न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

उत्तर राष्ट्रपति द्वारा।

प्रश्न 3 सर्वोच्य न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की वर्तमान में संख्या कितनी है?

उत्तर 31

प्रश्न 4 सर्वोच्य न्यायालय के न्यायाधीश अपने पद पर कब तक कार्य कर सकता है?

उत्तर 65 वर्ष तक।

प्रश्न 5 भारत में न्यायपालिका की संरचना किस प्रकार की है?

उत्तर पिरामिड़ की तरह।

प्रश्न 6 सर्वोच्य न्यायालय के परामर्श स्वरूप में दी गई सलाह को क्या सरकार के लिए मानना अनिवार्य हैं?

उत्तर नहीं।

प्रश्न 7 सर्वोच्य न्यायालय संविधान की रक्षा अपने किस शक्ति द्वारा करता हैं?

उत्तर न्यायिक पूनरावलोकन की शक्ति द्वारा।

प्रश्न 8 सर्वोच्य न्यायालय के न्यायाधीशों को किन दशा में पद से हटाया जा सकता है?

उत्तर कदाचार, अक्षमता की दशा में महाभियोग द्वारा हटाया जा सकता है।

प्रश्न 9 संविधान एवं नागरिकों के अधिकारों की व्याख्या का दायित्व सरकार के किस अंग पर हैं?

उत्तर न्यायपालिका।

प्रश्न 10 अधिनस्थ न्यायालय किस किस्म के मुकदमों पर विचार करती हैं?

उत्तर फौजदारी एवं दिवानी किस्म के।

प्रश्न 11 जनहित याचिका की शुरूआत भारत में किस सन् से हुई?

उत्तर 1979 से।

प्रश्न 12 कानूनों की व्याख्या करने वाला सरकार का कौनसा अंग है?

उत्तर न्यायपालिका।

प्रश्न 13 सरकार के तीनों अंगों में शक्ति सन्तुलन के सिंद्धान्तों की व्याख्या का अधिकार किसे है?

उत्तर सर्वोच्य न्यायालय को।

प्रश्न 14 न्यायपालिका किसके प्रति जवाब देय है?

उत्तर न्यायपालिका देश के संविधान, लोकतांत्रिक परम्परा और जनता के प्रति जवाब देय है।

प्रश्न 15 चुनाव संबंधित कौनसे विवाद सीधे सर्वोच्य न्यायालय में सुने जाते है?

उत्तर राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के मामले।

प्रश्न 16 अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?

उत्तर हेग में।

प्रश्न 17 न्यायिक सक्रियता को दर्शाने वाली याचिका को क्या कहा जाता है?

उत्तर जनहित याचिका।

प्रश्न 18 कोई व्यक्ति उच्च न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध सर्वोच्य न्यायालय में किस क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत अपील करता है?

उत्तर अपील क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत।

लघुउत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 भारत का सर्वोच्य न्यायालय व्यक्ति के मूल अधिकारों की रक्षा किन विधियों से करता है?

उत्तर (1) रिट के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 32 के अन्तर्गत न्यायालय रिट जारी करके।

(2) न्यायिक पुनरावलोकन यह अनुच्छेद 13 के तहत किसी कानून को गैर संवेधानिक घोषित करके।

प्रश्न 2 न्यायिक सक्रियता से क्या आशय है?

उत्तर जब न्यायपालिका ने अखबार में छपी खबरों और डाक से प्राप्त शिकायतों को आधार बनाकर विचार करना शुरू कर दिया है। न्यायपलिका की यह नयी भूमिका न्यायिक सक्रियता के रूप में लोकप्रिय हुई।

प्रश्न 3 सर्वोच्य न्यायालय के मौलिक क्षेत्राधिकार में मुख्यतः कौन–कौन से विषय आते है?

उत्तर (1) भारत सरकार तथा एक या एक से अधिक राज्यों के विवाद।

(2) भारत सरकार तथा कई राज्यों तथा एक से अधिक राज्यों के बीच विवाद।

(3) दो या दो से अधिक राज्यों के बीच विवाद।

प्रश्न 4 उच्च न्यायालय या सर्वोच्य न्यायालय उत्प्रेषण लेख कब और किस लिए जारी करता है?

उत्तर जब न्यायालय को लगता है कि कोई सार्वजनिक पदाधिकारी अपने कानूनी और संवैधानिक दायित्वों का समुचित पालन नही कर रहा है जो न्यायालय परमादेश लेख द्वारा उसे ऐसा करने के लिए बाध्य करता है।

प्रश्न 5 उच्च न्यायालयों के कार्यों का उल्लेख कीजिए?

उत्तर उच्च न्यायालय के कार्य

(1) यह निचली अदालतों के फैसले पर दी गई अपील की सुनवाई करता है।

(2) यह मौलिक अधिकारों को बहाल करने के लिए रिट जारी कर सकता है।

(3) यह राज्य के क्षैत्राधिकार में आने वाले मुकदमों का निपटारा करता है।

(4) यह अपने अधीनस्थ अदालतों का पर्यवेक्षण और नियन्त्रण करता है।

CBSE BINDER

प्रश्न 6 सर्वोच्य न्यायालय के सलाह देने के अधिकार की दो उपयोगिताएं लिखिए?

उत्तर (1) सर्वोच्य न्यायालय के इस अधिकार से सरकार को किसी महत्वपूर्ण मसले पर कार्यवाही से पूर्व अदालत की राय जानने की छूट मिल जाती है।

(2) सर्वोच्य न्यायालय की सलाह मानकर सरकार अपने प्रस्तावित विधेयक या निर्णय में समुचित संशोधन कर सकती है।

प्रश्न 7 भारतीय संविधान में न्यायिक पुनरावलोकन और संसदीय सम्प्रभुता को किस प्रकार समन्वित किया गया है?

उत्तर भारतीय संविधान में जहां संसद को कानून निर्माण करने तथा संविधान में संशोधन करने की शक्ति प्रदान कर संसदीय प्रभुता को अपनाया गया है वहीं न्यायिक पुनरावलोकन के द्वारा न्यायपालिका को संविधान के विरूद्ध कानूनों व संविधान संशोधनों में अवैध घोषित करने की शक्ति प्रदान की गई है।

जातिवाद एवं साम्प्रदायिकता

प्रश्न 1. जाति भारत में एक महत्वपूर्ण दल हैं, यह कथन किस विद्वान का है?

उत्तर जाति भारत में एक महत्वपूर्ण दल हैं, यह कथन जय प्रकाष नारायण का है।

प्रश्न 2. पूना पैक्ट किन नेताओं के बीच हुआ था?

उत्तर पूना पैक्ट महात्मा गांधी एवं डॉ.भीमराव अम्बेडकर के बीच हुआ था ।

प्रश्न 3. स्वतन्त्रता के पश्चात भारत के राजनैतिक क्षैत्र में जाति का प्रभाव पहले की अपेक्षा बढ़ा है। यह कथन किसका है?

उत्तर यह कथन के एन मेनन का है।

प्रश्न 4. वर्तमान काल में जाति व्यक्तियों के एकता के सुत्र में बॉधने में बाधक सिद्व हुई है। यह कथन किस का हैं?

उत्तर यह कथन डी. आर.गाडगिल का है।

प्रश्न 5. अन्य समुदायों के बदले प्रभाव को बडा चडाकर प्रस्तुत कर भय दोहन की राजनीति क्या कहलाती है?

उत्तर साम्प्रदायिकता की राजनीति कहलाती है।

प्रश्न 6. भारत में वर्ण–व्यवस्था किस सिद्वान्त पर आधारित थी?

उत्तर भारत में वर्ण–व्यवस्था कर्म और व्यवसाय के सिद्वान्त पर आधारित थी।

प्रश्न 7. किस मुद्दे पर गांधीजी व डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बीच पुना पैक्ट हुआ था?

उत्तर दलित वर्गो के पृथक निर्वाचन के मुद्दे पर गांधीजी व डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बीच पूना पैक्ट हुआ था।

प्रश्न. 8 अन्य पिछडे वर्गो के बीच कितने प्रतिशत आरक्षण दिया गया हैं?

उत्तर अन्य पिछडे वर्गो के बीच 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई हैं।

प्रश्न. 9 भारत विभाजन का मुख्य कारण क्या था?

उत्तर भारत विभाजन का मुख्य कारण साम्प्रदायिकता था।

प्रश्न 10. पृथक निर्वाचन का क्या उद्देश्य था?

उत्तर पृथक निर्वाचन का उद्देश्य हिन्दुओ में भी उच्च व निम्न वर्ग के व्यक्तियो के बीच फूट पैदा करना था।

प्रश्न 11. वोट बैंक को राजनैतिक दलों ने क्यों बढावा दिया?

उत्तर वोट बैंक बनाकर चुनाव जीतकर सत्ता पर कब्जा कर सत्ता का सुख भोगने की लालसा के कारण राजनैतिक दलों ने बढावा दिया।

प्रश्न 12. किन्ही दो राज्यों के नाम बताइये,जो जातिगत राजनीति की मिसाल बन चुके है।

उत्तर दो राज्य (1) उत्तर प्रदेश

(2) बिहार जातिगत राजनीति की मिसाल बन चुके है।

प्रश्न 13. द्वि राष्ट्र सिद्वान्त का प्रतिपादन किसने किय था?

उत्तर द्वि राष्ट्र सिद्वान्त का प्रतिपादन 1940 ई. मे मौहम्मद अली जिन्हा द्वारा किया गया था।

प्रश्न 14. साम्प्रदायिकता के आधार पर भारत विभाजन कब हुआ था?

उत्तर साम्प्रदायिकता के आधार पर भारत विभाजन 1947 में हुआ था।

प्रश्न 15. बंगाल विभाजन कब व किसने किया था?

उत्तर बंगाल विभाजन 1905 में लार्ड कर्जन ने साम्प्रदायिक आधार पर किया था।

प्रश्न 16. भारतीय राजनीति में जाति की भूमिका के कोई दो बिन्दु लिखिए?

उत्तर (1) निर्णय प्रक्रिया में जाति की भूमिका (2) जातिगत आधार पर मतदान व्यवहार

प्रश्न 17. वर्तमान में किन राज्यो मे जातीय संगठन जाति के आधार पर आरक्षण की मांग कर रहे है?

उत्तर गुजरात, हरियाणा एवं राजस्थान में जातीय संगठन जाति के आधार पर आरक्षण की मांग कर रहे है।

प्रश्न 18. जातिगत राजनीति की कोई दो विशेषताऍ लिखिए?

उत्तर (1) जाति में राजनीतिक सम्बन्ध गतिशील होते है।

(2) जातीय संगठनो ने जातिगत राजनीतिक महत्वकांक्षा को बढाया है।

प्रश्न 19. अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई थी?

उत्तर 1906 में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना हुई थी।

प्रश्न 20. सच्चर कमेटी प्रतिवेदन की अध्यक्षता किसने की थी?

उत्तर सच्चर कमेटी प्रतिवेदन की अध्यक्षता सेवा निवृत न्यायाधीश राजेन्द्र सिंह सच्चर ने की थी।

प्रश्न 21. साम्प्रादायिक संगठनो का उद्देश्य क्या होता है?

उत्तर साम्प्रादायिक संगठनो का उद्देश्य शासको के ऊपर दबाव डाल कर अपने सदस्यो के लिए अधिक सत्ता, प्रतिष्ठा व अधिकार प्राप्त करना है ।

प्रश्न 22. भारत में साम्प्रादायिकता के लिए उत्तरदायी दो कारण लिखिऍ।

उत्तर (1) सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन

(2) सरकारकी उदासीनता

प्रश्न 23. साम्प्रादायिकता को दूर करने के दो उपाय बताइये।

उत्तर (1) सर्व धर्म समभाव

(2) राज्य शक्ति का समान रूप से प्रयोग।

प्रश्न 24. ब्रिटीश सरकार की कौनसी नीति ने साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया?

उत्तर फूट डालो और राज करो की नीति ने साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया।

प्रश्न 25. साम्प्रदायिकता के दो दुष्परिणाम बताइये।

उत्तर (1) राष्ट्रिय एकता व अखण्डता के लिए संकट

(2) आपसी द्वेष तथा अविश्वास पैदा करना।

लधूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 जातिवाद से क्या अभिप्राय है?

उत्तर जाति के प्रति उग्र लगाव की भावना को जातिवाद कहते है अर्थात व्यक्ति को अपनी जाति के प्रति अत्यधिक लगाव, अपने आप को अन्य जातियो से पुर्णतय अलग समझने की प्रवृति एवं आचरण ही जातिवाद कहलाता है।

प्रश्न 2 साम्प्रदायिकता किसे कहते है?

उत्तर जब कोई धार्मिक संस्कृति तथा भाषाई समुह अथवा समुदाय समझ बुझकर अपने को अलग वर्ग मानकर, धार्मिक, सास्कृतिक भेदो के आधार पर राजनीतिक मांगे रखता हैं अपनी मांगो को राष्ट्रीय तथा सामाजिक हितों से अधिक प्राथमिकता देता हैं उसे साम्प्रदायिकता कहते है।

प्रश्न 3 जातिवाद के सकारात्मक प्रभावो को स्पष्ट कीजिऍ।

उत्तर जातिवाद के सकारात्मक प्रभाव

(1) जातिवाद से लोगो में सामाजिक एवं एकता की भावना का विकास होता है।

(2) जाति व राजनीति के संबधों ने लोगो को एक सुत्र में बॉधने का काम किया है। दूर–दूर रहने वाले जाति के लोग जातीय पंचायतों में एक दूसरे के सम्पर्क में आते है।

(3) जाति की राजनीति ने अधिक लोगो में राजनीतिक सक्रियता पैदा की है। जातीय संगठनो में सक्रिय लोग राजनीति में भी सक्रिय हो जाते है।

(4) जातिवाद के कारण सामाजिक संरचना में परिवर्तन आता है।

(5) जाति की राजनीति में समाज की सस्कृति को प्रभावित किया है। समाज की सभी जातियोंके खान–पान, वेशभुषा, रहन–सहन, आचार–विचार में निम्न जातिया उच्च जातियों के अनुसरण करती है, इससे समाज में सास्कृतिक एकता स्थापित होती है।

प्रश्न 4. निर्णय प्रक्रिया को जाति किस प्रकार प्रभावित करती हैं?

उत्तर भारत में जाति पर आधारीत सगंठन शासन की निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयत्न करते है। अनुसूचित जाति एवं जन जाति के सगंठन प्राप्त आरक्षण की अवधि बढाना चाहते है। जिन जातियो को आरक्षण प्राप्त नही हुआ हैं वे प्राप्त करने के लिये आन्दोलन कर रही हैं,कुछ अपनी जाति को आरक्षित जातियों की सूची मे शामिल कराने हेतु प्रयत्नशील है। कुछ जातिया अपनी मांगो को मनवाने हेतु विभिन्न प्रकार से शासन को प्रभावित करने का प्रयत्न करती है। उदाहरणर्थ गुर्जर आन्दोलन ने उनके लिये 5 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय हेतु शासक को बाध्य कर दिया। यद्यपि इसे माननीय न्यायालय द्वारा रद्द किया जा चुका है। इस प्रकार से जातिय सगंठन अपने हितो के अनुसार निर्णय करने तथा अपने हितो के प्रतिकूल होने वाले निर्णयों को रोकने हेतु निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास करते है।

प्रश्न 5. भारतीय राजनीति में जाति की भूमिका को विविध रूपों में देखा जा सकता है। आपके मतानुसार कोई चार रूपों की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

उत्तर भारतीय राजनीति में जाति की भूमिका के चार रूप निम्न प्रकार है।

(1) निर्णय प्रक्रिया में जाति की प्रभावी भूमिका भारत में जातिया संगठित होकर राजनीतिक व साम्प्रदायिक निर्णय की प्रक्रिया को प्रभावित करती है। उदाहरणार्थ अनुसूचित जातिया तथा जनजातियां संगठित हांकर आरक्षण की सुविधा को और अधिक बढाये जाने के लिए सरकार पर दबाव डालती है।

(2) भारत में चुनाव अभियान में जातिवाद को साधन के रूप के अपनाया जाता हैं, तथाप्रत्याशी जिस निर्वाचन क्षैत्र से चुनाव लड़ रड रहा हैं उस निर्वाचन क्षैत्र में जातिवाद की भावना को उकसाया जाता हैं ताकि सबंधित प्रत्याशी की जाति के मतदाताओं का पूर्ण समर्थन मिल सके।

(3) भारत में चुनाव के समय सभी राजनैतिक दल अपने प्रत्याशीयों का चयन करते समय जातिगत आधार पर निर्णय लेते है।

(4) जातिगत दबाव समुह अनेक जातिय सगंठन और समुदाय जैसे तमिलनाडू में शनाडर जाति सघंर्ष गुजरात में क्षत्रिय महासघं, बिहार में कायस्थ सभा आदि अपने अपने सगंठन बल के आधार पर राजनीतिक सौदेबाजी भी करते है।

प्रश्न 6. जातिवाद लोकतन्त्र के विरूद्व हैं इस कथन के आधार पर आप जातिवाद के चार नकारात्मक प्रभावों की विवेचना कीजिए।

उत्तर जातिवाद प्रजातन्त्र के विकास तथा प्रगति में बंधक हैं। इसकी पुष्टि में निम्न लिखित तर्क दिये जा सकतें है

(1) जातिवाद स्वतन्त्रता, समनता व बंधुत्व जैसे लोकतन्त्रीय मूल्यो को नुकसान पहुॅचाता है। समाज में फूट, विखण्डन व सकीर्ण हितो को प्रोत्साहित करता है।

(2) जातिवाद के कारण सरकार बडे व शक्तिशाली जातीय सगंठन के दबाव में कार्य करती है।

(3) जातिवाद को भावना के कारण नागरिकों की श्रद्वा व भक्ति बँट जाती हैं। लोग राष्ट्रिय हितो के बजाय जातीय हितो को प्राथमिकता देते है।

(4) असुरक्षा की भावना का अभाव – अल्प सरकार जातीयों के लोगो में इसके कारण असुरक्षा की भावना का विकास होता है।

प्रश्न 7. साम्प्रदायिकता के चार कारणों का संक्षेप में वर्णन कीजिए?

उत्तर साम्प्रदायिकता के चार कारण निम्नलिखित है –

(1) **विभाजन कटु स्मृतियॉ**– स्वतन्त्रता के समय भारत विभाजन में जो क्षैत्र पाकिस्तान में आये वहॉ से लााखो लोगो को अपना–अपना घर बार,सम्पति सब कुछ छोडकर भागना पडा। कई लोगो की हत्याऍ हुई, महिलाओ व लड़कियों के साथ दुर व्यवहार हुआ, परिवार बिछड गये, बच्चे अनाथ हो गये। इसकी प्रतिक्रिया भारतीय क्षैत्रो में भी हुईं । घटनाओं से प्रभावित लोगो के परिवार आज भी उस भयावह घटनाओं को नही भुल पाये।

(2) **राजनीतिक दलों द्वारा निहित स्वार्थों के लिए प्रथककरण की भावना पनपायी** – स्वतन्ता, प्रगति व विभाजन के पूर्व व पश्चात भारत में कई राजनीतिक दलो व सगंठनो का गठन धार्मिक आधार पर हुआ है। इनमें जमात ए इस्लाम, ऑल इण्डियन मजलिक ए इत्तेहादुल मुसलिम आदि प्रमुख है। इन संगठनो ने अपने निहित राजनैतिक स्वार्थो की पूति के लिए धार्मिक आधार पर रजनीति करना प्रारम्भ कर दिया जिससे एक वर्ग विशेष में अलगाववाद की प्रवृति विकसित हुई।

(3) मुसलमानों की आर्थिक व शैक्षणिक द्वष्टि से पिछडे होने के कारण भी समाज में समप्रदायिक भावना में वृद्वि हुई।

(4) चुनावो में योग्यता की अपेक्षा जाति के आधार पर चुनाव लडना व जातिगत आग्रह के आधार पर मतदान करना जातिवाद का ही परिणाम है। जाति के आधार पर मतदान करने के योग्य उम्मीदवार की उपेक्षा हो जाती हैं और वे चुनाव में हार जाते है।

प्रश्न 8. साम्प्रदायिकता केवल हमारे देश के लिए ही नही अपितु सम्पुर्ण मानवता के लिए एक अभिशाप है। इसे दुर करने हेतु चार उपाय सुझाइये।

उत्तर साम्प्रदायिकता दुर करने हेतु चार सुझाव

(1) सरकार को सदैव इस बात का ध्याान रखना चाहिये कि उसके द्वारा एसा कोई कार्य नही किया जावे जिससे साम्प्रदायिकता को प्रोत्साहन मिले। समानता के सम्बध में आदर्श की बातेकरने की अपेक्षा उसे व्यवहारिक रूप से क्रियान्वित करने का प्रयास किया जाना चाहिये।

(2) भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है, लेकिन शाश्वत नैतिक जीवन मुल्यो की शिक्षा तो सभी के लिये अनिवार्य होनी चाहिये। धर्म विशेष की शिक्षा के स्थान पर देश भक्ति तथा राष्ट्रीयता की भावनापैदा करने वाली शिक्षा होनी चाहिये।

(3) धर्म के आधार पर किसी धार्मिक वर्ग के लिए कोई विशेष रियायते या सुविधाऍ नही दी जाये जिससे अन्य धर्मो के लोगो में ईष्या की भावना पैदा ही।

(4) साम्प्रदायिकता का एक सबसे बडा कारण चुनावों में लाभ की राजनीति है। राजनैतिक दलचुनावी फायदा उठाने हेतु साम्प्रदायिकता को बढावा देते है। इस पर कडा प्रतिबंध होना चाहिये।

प्रश्न 9. साम्प्रदायिकता के कोई चार दुष्परिणाम बताइये।

उत्तर साम्प्रदायिकता के दुष्परिणाम

(1) **राष्ट्रीय एकता में बाधा**– साम्प्रदायिकता राष्ट्रीय एकता तथा भाईचारे की भावना को खत्म करती है। समाज में फुट पैदाकर सामाजिक समरसता को खत्म करती है।

(2) **राष्ट्र की प्रगति तथा समृद्वि के मार्ग में बाधा**– स्वतन्त्रता के बाद भारत के अनेक नगरो में साम्प्रदायिक दगें फैल है। इन नगरों में साम्प्रदायिक घटनाओं के कारण जन–जीवन ठप्प हो जाता है एवं इससे आर्थिक हानि व सरकारी धन का अपव्यय होता है। जो राष्ट्र की प्रगति तथा समृद्वि के मार्ग में बाधा डालता है।

(3) **राष्ट्रीय सुरक्षा को गम्भीर खतरा** –भारत में अल्पसंख्यकों व बहुसंख्यकों के बीच जो साम्प्रदायिक झगडे व तनाव पैदा हाते है उनसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है।

(4) **निर्दोष व्यक्ति साम्प्रदायिकत हिंसा के शिकार** –निर्दोष महिलाएँ, बच्चो और बुढ़ों झुग्गी झोपडीयों में रहने वाले लोगो को साम्प्रदायिकत हिंसा का शिकार होनो पडता है। साम्प्रदायिक दलोमें सैकडो लोग मारे जाते है एवं हजारों घर उजड जाते है। रांची, श्रीनगर, वाराणसी, अलीगढ़, हैदराबाद, मेरठ, बम्बई आदि दगें इसका उदाहरण हैं जिनमें मरने वालो के अलावा हजारों अपंग व अपाहिज हो गये।

आतंकवाद, राजनीति का अपराधीकरण, भ्रष्टाचार

प्रश्न 1 आतंकवाद को परिभाषित कीजिए।

उत्तर व्यक्ति या व्यक्ति समूह जब अपनी अनुचित मांगो की पुर्ति के लिए व्यापक स्तर पर हिंसा व अशान्ति पर आधारित नकारात्मक प्रयत्न करता है आतंकवाद कहलाता है।

प्रश्न 2 आतंकवाद का उद्देश?

उत्तर भय पैदा करना।

प्रश्न 3 आतंकी संगठनों के नाम लिखिए ।

उत्तर तालीबान, अलकायदा, लिट्टे, खालीस्तान कमान्डों फोर्स ।

प्रश्न 4 आइएसआइएस का सम्बन्ध किस देश से है?

उत्तर पाकिस्तान ।

प्रश्न 5 भारत में वर्तमान में किन राज्यों में आतंकवादी गुट सक्रिय है?

उत्तर भारत में उतरी पुर्वी राज्यों सीमावर्ती राज्यों व जम्मु कश्मीर ।

प्रश्न 6 आतंकवाद मुलतः कैसी प्रवृति है?

उत्तर विखण्डनकारी।

प्रश्न 7 लिट्टे आतंकवादी संगठन किस देश में सक्रिय है?

उत्तर श्रीलंका।

प्रश्न 8 भारत में किस राज्य में सर्वाधिक आतंकी संगठन सक्रिय है?

उत्तर जम्मु कश्मीर ।

प्रश्न 9 'आतंकवादी चाहते है कि बहुत सारे लोग देखे और सारे लोग सुने, न कि बहुत सारे लोग मरे' उक्त कथन किसका है

उत्तर बेजामिन किन्स ।

प्रश्न 10 राजनीतिक अपराधिकरण से क्या तात्पर्य है?

उत्तर राजनीति में प्रवेश करने, सता प्राप्त करने व सता में बने रहने के लिए राजनीतिज्ञों द्वारा समय समय पर अपराधियों की मदद लेना राजनीतिक अपराधिकरण कहलाता है।

प्रश्न 11 राजनीतिक अपराधिकरण के कोई दो कारण बताइए।

उत्तर 1 राष्ट्रीय चरित्र का पतन।

2 गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी।

प्रश्न 12 राजनीतिक के अपराधिकरण को रोकने के उपाय बताइएं? कोई दो।

उत्तर 1 त्वरित न्यायिक निर्णयों द्वारा अपराधी तत्वों को चुनाव लडने से प्रतिबन्धित करना।

2 निर्वाचन आयोग का निष्पक्ष और पारदर्शी गठन।

प्रश्न 13 भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ क्या है?

उत्तर भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है – भ्रष्ट आचरण । इसका अर्थ है कि ऐसा आचरण जो किसी भी दृष्टि से अनैतिक और अनुचित हो।

प्रश्न 14 भ्रष्टाचार क्या है?

उत्तर भ्रष्टाचार का अर्थ है कि कोई व्यक्ति अथवा संगठन अपने निर्धारित कानूनी दायरें से परे जाकर अनुचित ढग से किसी व्यक्ति अथवा संगठन को लाभ पहुंचाये तथा बदले में धन तथा सुविधाएं प्राप्त कर सार्वजनिक हितो को नुकसान पहुंचाए।

प्रश्न 15 भ्रष्टाचार रोकने के लिए कौनसा कानून है?

उत्तर भ्रष्टाचार निरोधक कानून ।

प्रश्न 16 आतंकवादियों का मूल लक्ष्य क्या है?

उत्तर आतंकवादियों का मूल लक्ष्य विधि संगत या वर्तमान को अपदस्थ कर सता से लाभ प्राप्त करना, लोंगो मे भय पैदा करना तथा सता हथियाना है ।

प्रश्न 17 भ्रष्टाचार को कम करने के लिए चुनाव प्रक्रिया में किये गयें कोई दो सुधार बताइए।

उत्तर 1 ईवीएम मशीनों का प्रयोग।

2 चुनाव आचार संहिता लागु करना।

प्रश्न 18 वर्ष 2016 तक भारत में कितने आतंकवादी संगठनों कों प्रतिबन्धित किया गया ।
उत्तर 38 ।
प्रश्न 19 भारत मे 12 मार्च 1993 को किस शहर में आतंकवादी घटना हुई?
उत्तर मुम्बई।
प्रश्न 20 भ्रष्टाचार को रोकने हेतु बनायी गयी संस्था का नाम बताइए।
उत्तर भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो।

गठबन्धन की राजनीति

प्र. 1 भारत में गठबन्धन की राजनीति का प्रारम्भ कब से हुआ?
उत्तर सन् 1977 से।
प्र. 2 डॉ. मनमोहन सिंह की गठबन्धन सरकार जिस गठबन्धन की थी उस गठबन्धन का नाम लिखिए?
उत्तर संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन।
प्र. 3 जनता पार्टी का गठन कब हुआ?
उत्तर 1977 में।
प्र. 4 देश के प्रथम तीन आम चुनावों में किस दल का शासन था?
उत्तर भातरीय राष्ट्रिय कांग्रेस का शासन था।
प्र. 5 भारत में राजनीतिक दलों की दृष्टि से कौनसी व्यवस्था है?
उत्तर बहुदलीय व्यवस्था।
प्र. 6 गठबन्धन की राजनीति के दो लाभ बताइए?
उत्तर 1. शासन निरंकुश नहीं बन पाता।
2. अधिक योग्य लोगों के योगदान का देश को लाभ।
प्र. 7 भारतीय गठबन्धन की राजनीति की दो विशेषताएं बताइए?
उत्तर 1. गठबन्धन मे एक दल की प्रधानता रहती है।
2. गठबन्धन में स्थायित्व नहीं होता।
प्र. 8 गठबन्धन सरकार में दल बदल की प्रकृति से शासन पर क्या प्रभाव पडता है?
उत्तर दल बदल की प्रकृति के कारण शासन के स्थामित्व को खतरा बना रहता है।
प्र. 9 यू. पी.ए. गठबन्धन सरकार में प्रधानमंत्री कौन रहे?
उत्तर डॉ. मनमोहन सिंह।
प्र. 10 एन. डी. ए. गठबन्धन में प्रधान राजनीतिक दल कौनसा है?
उत्तर भारतीय जनता पार्टी।
प्र. 11 वर्तमान में कौनसे गठबन्धन की सरकार है?
उत्तर वर्तमान में एन. डी. ए. गठबन्धन की सरकार है।
प्र. 12 16वीं लोकसभा चुनाव में किस राजनीतिक दल को लोकसभा में स्पष्ट बहुमत मिला?
उत्तर भारतीय जनता पार्टी को।
प्र. 13 गठबन्धन सरकार से राष्ट्रीय एकता पर क्या प्रभाव पडता है?
उत्तर क्षैत्रीय दलों का प्रभाव बढ जाने के कारण क्षैत्रीय दल अपने क्षैत्रीय हितों को साधने पर अधिक जोर देते है। प्रधानमंत्री उनके दबाव में आने के लिए मजबूर होता है। इस प्रकार क्षैत्रीय हितों पर अधिक दबाव होने से राष्ट्रीय हितों को हानि होती है।
प्र. 14 गठबन्धन किस आधार पर बनते है?
उत्तर गठबन्धन दल एवं सिद्वान्तों के बजाय नेताओं के आधार पर बनते है।
प्र. 15 किस प्रकार के राजनीतिक गठबन्धन अस्थायी होते है?
उत्तर निषेधात्मक आधार पर गठित राजनीतिक गठबन्धन अस्थायी होते है।
प्र. 16 गठबन्धन की राजनीतिक शुरूआत कौनसे आम चुनाव से हुई?
उत्तर चतुर्थ आम चुनाव से गठबन्धन की राजनीतिक शुरूआत हुई।
प्र. 17 वर्तमान में भारतीय राजनीतिक में राजनीतिक दलो की कितनी धाराएँ है?
उत्तर मुख्य तीन धाराएँ है
(1) राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन।
(2) यु. पी. ए.
(3) वामपंथी राजनीतिक दल।

प्र. 18 16वीं लोकसभा के चुनाव के बाद गठबन्धन एन. डी. ए. में कौन कौन से रजनीतिक दल शामिल है?

उत्तर (1) भा.ज.पा. (2) लोक जन शक्ति (3) तेलगु देशम
(4) अकाली दल (5) ए. डी. (6) आई. एल. एस. पी.
(7) शिव सेना।

प्र. 19 यु. पी. ए. में शामिल राजनीतिक दलों के नाम लिखिए?

उत्तर (1) कांग्रेस (2) राष्ट्रीय कांग्रेस (3) राष्ट्रीय जनतादल
(4) झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (5) आई. यु. एम. एल. (6) केरल कांग्रेस।

प्र. 20 16वीं लोकसभा में किस राजनीतिक गठबन्धन को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ?

उत्तर एन. डी. ए. को।

भारत की विदेश नीति की प्रमुख विशेषताएँ एवं गुट निरपेक्षता

प्रश्न 1 भारतीय विदेश नीति का जनक किसे कहा जाता है?

उत्तर पं. जवाहर लाल नेहरू।

प्रश्न 2 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 का संबंध किससे है?

उत्तर विदेश नीति से।

प्रश्न 3 पंचशील सिद्धान्तों पर किन दो देशों ने हस्ताक्षर किये?

उत्तर भारत और चीन ने।

प्रश्न 4 बांडुग सम्मेलन किस वर्ष हुआ?

उत्तर वर्ष 1955

प्रश्न 5 गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक कौन थे?

उत्तर नेहरू, नासिर, टीटो।

प्रश्न 6 भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के किस अंग की स्थाई सदस्यता की मांग कर रखी है?

उत्तर सुरक्षा परिषद।

प्रश्न 7 U.N.O का पूरा नाम बताइये।

उत्तर यूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाइजेशन/ संयुक्त राष्ट्र संघ।

प्रश्न 8 गुटनिरपेक्ष आंदोलन की शुरूआत किस सम्मेलन से हुई?

उत्तर बेलग्रेड सम्मेलन (1961) से ।

प्रश्न 9 1960 में सिंधु जल समझौता किन दो देशों के मध्य हुआ?

उत्तर भारत और पाकिस्तान के मध्य।

प्रश्न 10 दो पंचशील सिद्धान्त बताइये।

उत्तर 1) अनाक्रमण
2) शांतिपूर्ण सह अस्तित्व

प्रश्न 11 बेलग्रेड सम्मेलन (1961) में कितने राष्ट्रों ने भाग लिया था?

उत्तर 25 देशों ने।

प्रश्न 12 162 Enclaves विवाद किन दो देशों से संबंधित है?

उत्तर भारत – बांग्लादेश।

प्रश्न 13 सोवियत संघ का विघटन किस वर्ष हुआ?

उत्तर 1991

प्रश्न 14 भारत ने "ऑपरेशन नीर" किस देश के लिए चलाया?

उत्तर "मालदीव"।

प्रश्न 15 पंचशील सिद्धांतों की घोषणा कब हुई?

उत्तर 29 अप्रैल 1954 को।

प्रश्न 16 भारतीय विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है?

उत्तर शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व।

प्रश्न 17 भारत की विदेश नीति में गुट –निरपेक्षता को अपनाने का प्रमुख कारण क्या था?

उत्तर की भारत किसी एक गुट से जुड़कर विश्व में तनाव की स्थिति उत्पन्न करने का पक्षधर नहीं था, इसलिये, गुट निरपेक्षता नीति को अपनाया।

प्रश्न 18 गुट निरपेक्षता का अर्थ बताइये।

उत्तर विश्व के किसी भी शक्ति गुट के साथ न जुड़कर स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करना।

OBO BHINDER

प्रश्न 19 भारत की मौजुदा विदेश नीति किस नीति का अनुसरण कर रही है?

उत्तर वर्तमान विदेश नीति ''आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस'' की नीति ।

प्रश्न 20 भारतीय विदेश नीति की "लुक ईस्ट" की नीति अब किस रूप में बदल गई है?

उत्तर "लुक ईस्ट" की नीति "एक्ट ईस्ट" में बदल गई है।

प्रश्न 21 भारत – चीन के मध्य युद्ध किस वर्ष हुआ?

उत्तर 1962 में।

प्रश्न 22 भारत – पाकिस्तान के मध्य युद्ध किस वर्ष हुआ?

उत्तर – 1948, 1965, 1971 एवं 1999 कारगिल विवाद।

प्रश्न 23 बांग्लादेश को स्वतंत्रता कब मिली?

उत्तर 16 दिसम्बर 1971

प्रश्न 24 सह–अस्तित्व का भावार्थ है–

उत्तर जीओ और जीने दो।

प्रश्न 25 किस वर्ष भारत ने गुट–निरपेक्षता के शिखर सम्मेलन का प्रथम बार आयोजन किया?

उत्तर 1983 में।

लघुत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न 1 पंचशील के सिद्धान्तो पर टिप्पणी लिखिये।

उत्तर पंचशील सिद्धान्तों का प्रतिपादन 29 अप्रेल 1954 को भारत और चीन के प्रधानमंत्रियों ने तिब्बत के सम्बन्ध में एक समझौते पर हस्ताक्षर करके किया।

पंचशील सिद्धान्त :–

1. एक–दूसरे देश की प्रादेशिक अखण्डता और सर्वोच्च सत्ता के लिये पारस्परिक सम्मान की भावना।
2. अनाक्रमण।
3. एक–दूसरे के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना।
4. समानता।
5. शांतिपूर्ण सहअस्तित्व।

प्रश्न 2 उपनिवेशवाद क्या है?

उत्तर उपनिवेशवाद से आशय है –जब कोई महाशक्ति या शक्तिशाली राष्ट्र किसी अन्य देश को अपने अधीन कर या गुलाम बनाकर उसका शोषण करता है। उसे उपनिवेशवाद कहा जाता है।

प्रश्न 3 रंगभेद से आप क्या समझते है

उत्तर ढंग सरकार द्वारा अपने नागरिको की नस्ल या चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभावपूर्ण कानून बनाना, उन्हे भेदभाव पूर्ण से लागू करना, उन्हे नागरिक व राजनैतिक अधिकार प्रदान नहीं करना रंगभेद कहलाता है। दक्षिणी अफ्रीका की गोरी सरकार रंगभेद की नीति के लिए कुख्यात रही, जिसका भारत सहित सभी विकासशील देशों ने विरोध किया।

प्रश्न 4 गुट–निरपेक्षता का अर्थ बताइये।

उत्तर स्वतंत्र है। <u>गुट–निरपेक्षता का अर्थ</u>– किसी भी वैश्विक गुट में शामिल न होते हुये, अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुये विदेश नीति का संचालन करना गुट–निरपेक्षता कहलाता है। यह शक्ति गुटो से अलग रहने की सक्रिय विदेश नीति यह सकारात्मक नीति है अर्थात जो उचित और न्यायसंगत है।

प्रश्न 5 सह–अस्तित्व के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिये।

उत्तर भारत की विदेशनीति शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व पर बल देती है। भारत की यह धारणा रही है कि विश्व में परस्पर विरोधी विचारधाराओं में सहअस्तित्व रहे। इसी नीति पर चलते हुये हमने विश्व में अपनी भूमिकाएँ तय की है। पडौसी राष्ट्रों के साथ हमारे रिश्ते भी इसी नीति से प्रभावित हो रहे हैं। सह–अस्तित्व के विचार में हमारी भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र "जीओ और जीने दो" का दर्शन होता है।

प्रश्न 6 भारतीय विदेश नीति की किन्ही चार विशेषताओ को लिखिए।

उत्तर
1. अंतराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में आस्था।
2. शांतिपूर्ण सहअस्तित्व एवं पंचशील की नीति में आस्था।
3. रंगभेद के विरोध की नीति।
4. साम्राज्यवाद विरोधी नीति।

प्रश्न 7 संयुक्त राष्ट्र शांति प्रयासों में भारत के योगदान के सम्बन्ध में कोई तीन तर्क दीजिये।

उत्तर
1. आंतकवाद की समाप्ति एवं मानवाधिकारों की सुरक्षा में योगदान।
2. पर्यावरण संरक्षण में योगदान।
3. रंगभेद की नीति का विरोध।

प्रश्न 8 मोदी सरकार के विदेशनीति सम्बन्धी मूल–सिद्धान्त कौन–कौन से है।

उत्तर निरन्तर वार्ता, आर्थिक समृद्धि को प्रोत्साहन, भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान में वृद्धि, राष्ट्रीय सुरक्षा का समर्थन तथा भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की मान्यताओं को प्रोत्साहन आदि मोदी सरकार की विदेश नीति के मूल आधार हैं।

प्रश्न 9 भारत की विदेश–नीति में गुट निरेपक्षता को अपनाने के कारणों पर प्रकाश डालिये।

उत्तर 1. भारत किसी एक गुट से जुडकर विश्व में तनाव की स्थिति उत्पन्न करने का पक्षधर नहीं रहा है।

2. अन्तराष्ट्रीय राजनीति में स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण।

3. भारत अपने आर्थिक विकास के लिए दोनों ही शक्तियों से बराबरी के सम्बन्ध बनाए रखने का पक्षधर रहा है।

4. गुट निरपेक्षता की नीति भारत की सामाजिक, सामरिक, भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक मांगों के अनुरूप थी।

प्रश्न 10 भारत–रूस के सम्बन्धों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

उत्तर यद्यपि भारत व रूस दोनों परम्परागत मित्र रहे है, लेकिन 1991 में पूर्व सोवियत संघ के विघटन व भारत द्वारा समाजवादी अर्थशास्त्र के स्थान पर बाजारोन्मुखी वैश्वीकरण की अर्थव्यवस्था को अपनाने से दोनों के परम्परागत सम्बन्धों में पुरानी प्रगाढता में कमी आई है। भारत आज भी अपने अधिकांश सैन्य, साजो–सामान व उपकरणों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रूस पर निर्भर है।

प्रश्न 11 भारतीय विदेश नीति के किन्ही तीन नवीन आयामो का उल्लेख कीजिए।

उत्तर 1. निरन्तरता

2. आंतकवाद के प्रति जीरो टोलरेन्स की नीति का अनुसरण

3. भ्रष्टाचार का अंत

प्रश्न 12 "गुट निरपेक्ष आंदोलन आज भी प्रांसगिक है" स्पष्ट कीजिए।

उत्तर 1. सम्प्रभु राष्ट्रों की समानता व संप्रभुता की सुरक्षा की दृष्टि से प्रांसगिक।

2. अन्तराष्ट्रीय समस्याओं के लिए प्रभावी मंच प्रदान करना।

3. दक्षिण – दक्षिण सहयोग।

4. राजनैतिक मूल्यो का आदान – प्रदान।

प्रश्न 13 वर्तमान सरकार की विदेश नीति की कोई दो उपलब्धिया बताइये।

उत्तर 1. भारत व बांग्लादेश के मध्य 162 भू – गलियारो (Enclaves)विवाद का समाधान।

2. भारत, पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक पटल पर अलग – थलग करने में काफी हद तक सफल रहा है।

प्रश्न 14 मध्यपूर्व के प्रति भारतीय विदेश नीति का समीक्षा कीजिए।

उत्तर भारत का मध्य – पूर्व देशों के साथ ऐतिहासिक जुडाव रहा है। भारत मे आंतकवाद का प्रभाव वहीं से आया है। धर्मान्धता व कट्टरवार भी मध्य – पूर्व के देशों से अफगानिस्तान व पाकिस्तान के माध्यम से भारत में प्रसारित हुआ । मध्य – पूर्व के देशो में एक ओर सऊदी अरब और ईराक आदि देश हैं, जहां सुन्नी विचारधारा का वर्चस्व है, वही दूसरी ओर ईरान है, जहा शिया विचारधारा का वर्चस्व है। खाडी के लगभग सभी देश तेल का उत्पादन करते हैं और इसी प्रकार उनकी अर्थव्यवस्था तेल के कारण सुदृढ़ है। भारत ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति के लिये मध्य –पूर्व के देशों पर निर्भर है। इसलिये भारत के लिये मध्य–पूर्व के प्रति एक संतुलित विदेशनीति की आवश्यकता है।

प्रश्न 15 भारतीय विदेश नीति की किन्ही दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर 1 <u>शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की नीति</u> – भारत की विदेश नीति सदैव शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की रही है। 1956 में स्वेज नहर संकट, 1967 का अरब – इजराइल युद्ध, 1960 का सिंधुजल समझौता, 1965–1971 में पाकिस्तान से टकराव के पलो में भी हमने इस नीति को कभी नहीं छोडा।

2. <u>रंगभेद के विरोध की नीति</u> – विश्व में नस्ल व मनुष्य के रंग के आधार पर भेदभाव का विरोध करना भी हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है।

संयुक्त राष्ट्र संघ संगठन एवं विश्वशान्ति स्थापना में योगदान

प्रश्न 1. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई?

उत्तर संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को हुई।

प्रश्न 2 अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय किस शहर मं है?

उत्तर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय 'हेग' में है।

प्रश्न 3 सुरक्षा परिषद ्मे ंअस्थायी सदस्युं की संख्या कितन ी है?.

उत्तर सुरक्षा परिषद् में अस्थायी सदस्यों की संख्या 10 है।

प्रश्न 4. संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद ्के स्थायी सदस्यो ंकी विशेष शक्ति का क्या नाम है?

उत्तर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ्के स्थायी सदस्यों की विशेष शक्ति को 'वीटोशक्ति" के नाम से जाना जाताहै।

प्रश्न 5 वर्तमान मे ंयूएन महासचिव कौन हैं?

उत्तर वर्तमान मे ंयूएन के महासचिव एन्टोनियो गुटरस है

प्रश्न 6. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है।

प्रश्न 7. संयुक्त राष्ट्र की महासभा की पहली बैठक कब व कहाँ हुई थी?

उत्तर संयुक्त राष्ट्र की महासभा की पहली बैठक 10 जून,1946 के लंदन मे हुई थी।

प्रश्न 8. संयुक्त राष्ट्र की स्थापना में कितने राष्ट्र शामिल थे? उनके नाम बताइए।

उत्तर संयुक्त राष्ट्र की स्थापना में पाँच राष्ट्र शामिल थे।इनके नाम हैंसंयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस तथा ब्रिटेन।

प्रश्न 9 संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के कितनी धाराऐं व कितने भाग है?

उत्तर संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के 111 में धाराऐं, 19 भाग है।

प्रश्न 10. संयुक्त राष्ट्र संघ के कोइ दो उद्देश्य लिखिए।

उत्तर 1 अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा बनाए रखना .

2 समान अधिकारो के लिए आदर एव मित्रता पूर्ण संबंध स्थापित करना।

प्रश्न 11. संयुक्त राष्ट्र संघ के कोई दो सिद्धान्त लिखिए।

उत्तर : 1 सभी सदस्यों की प्रभुसत्ता का सम्मान करना,

2 आपसी झगड़ो का शांतिपूर्ण ढंग से निपटारा करना।

प्रश्न 12 संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी देश की सदस्यता किस आधार प्रदान की जाती है?

उत्तर संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी देश की सदस्यता महासभा द्वारा सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर प्रदान जाती है

प्रश्न 13 सम्पूर्ण विश्व की नगर बैठक के नाम से संयुक्त राष्ट्र संघ के किस अंग को जाना जाता है?

उत्तर महासभा का।

प्रश्न 14. संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी सदस्य किसके भी सदस्य होते हैं?

उत्तर संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य 'महासभा' के भी सदस्य होते हैं।

प्रश्न 15. महासभा में कोई भी राष्ट्र अपने कितने प्रतिनिधि भेज सकता है?

उत्तर पाँच प्रतिनिधि।

प्रश्न 16. महासभा की कोई दो शक्तियाँ बताइए।

उत्तर 1 अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा से संबंधित मामलो पर विचार विमर्श, 2 संयुक्त राष्ट्र संध का बजट पारित करना।

प्रश्न 17 महासभा के सभापति को किस आधार पर चुना जाता है?

उत्तर महासभा के सभापति को व्यक्तिगत योग्यता के आधार पर चुना जाता है।

प्रश्न 18. महासभा के प्रथम सभापति कौन थे?

उत्तर बेल्जियम के 'मि. पॉलस्पूक' महासभा के प्रथम सभापति थे।

प्रश्न 19 महासभा की महासमिति का निर्माण कैसे होता है?

उत्तर 17 उपाध्यक्षो तथा 7 स्थायी समितिया के सभापतियो को मिलाकर एक महासमिति बनती है।

प्रश्न 20 महासभा के अध्यक्ष की सहायता के लिए कौन कौन होता है?

उत्तर महासभा के अध्यक्ष की सहायता के लिए महासभा मे चीफ डि कैबिनेट होता है।

प्रश्न 21. सुरक्षा परिषद के कोई दो कार्य लिखिए।

उत्तर 1 अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा से संबंधित निर्णय लेना, 2 विवादो का शांति पूर्ण ढंग से निपटारा करना।

प्रश्न 22 संयुक्त राष्ट्र क अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की नई सदस्यता के लिए कौन कौन सी शर्ते लगाई जाती हैं?

उत्तर 1 संविधान तथा न्यायालय के संबंध में अन्य प्रतिबन्धो को स्वीकार करना,

2 महासभा द्वारा अनुमानित व्यय मे अपना योगदान देना।

प्रश्न 23 कौन भारतीय वर्तमान में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीश है?

उत्तर जस्टिस दलवीर भंडारी

प्रश्न 24 संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्ही दो प्रमुख एजेन्सियो के नाम लिखिए।

उत्तर यूनेस्को, विश्व स्वास्थ्य सगठन

प्रश्न 25. यूनेस्को का पूर्ण नाम बताइए।

उत्तर "संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एव सांस्कृतिक संगठन।"

प्रश्न 26. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व शांति की सुरक्षा के लिए किन किन समस्याओं का हल करने के प्रयास किए गए? किन्हीं दो का नाम लिखिए।

उत्तर ईरान समस्या, कांगो संकट।